2

Title: Re: Relaxation in Mobile Attendance to MNREGA workers due to network issue and raising wages of Gram Pradhans.

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): धन्यवाद सभापति महोदय। मैं भारत सरकार का ध्यान ग्राम सभाओं की तरफ दिलाना चाहता हूं। अभी कुछ दिन पहले मनरेगा मजदूरों की हाजरी मोबाइल से दोनों टाइम लगाने के लिए आदेशित किया गया है।

महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र श्रावस्ती, बलरामपुर जो नेपाल बॉर्डर से सटा हुआ है, तमाम ऐसे क्षेत्र हैं, जहां नेटवर्क नहीं रहता है। इसकी वजह से मोबाइल फोन पर हाजरी नहीं लग पा रही है। वहां के ग्राम प्रधान काफी परेशान हैं। मैं चाहता हूं कि उनके लिए कम से कम एक नियम बनाया है, ताकि उनको उससे निजात मिले।

महोदय, इससे साथ-साथ मैं कहना चाहता हूं कि मनरेगा के लिए ग्राम प्रधान को जो भुगतान किया जाता है और लेबर तथा मटेरियल के लिए जनपद स्तर पर जो पैसा होता है, उसका भुगतान भी काफी दिनों बाद किया जाता है। इसके बारे में विचार किया जाए। मनरेगा के ग्राम प्रधानों का जो वेतन है, उसको कम से कम 25000 से 30,000 प्रति माह किया जाए।

इसके अलावा, मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग है कि ग्राम प्रधानों की समस्याओं को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने का कष्ट करें। धन्यवाद।